तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

11 फसल अवशेषों में आग लगाने से पूरी तरह परहेज करें



11 गुरु तेग बहादुर ने धर्म-मानव अधिकारों की रक्षा के लिए....



## खबर संक्षेप

### हथियार से हमला करने पर एक नामजद

जींद। गांव मोहलखेड़ा में तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मोहलखेड़ा निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गांव के ही रवि से कहासुनी हो गई।

### प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

जींद। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रविवार दोपहर बाद अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि प्लेटफार्म तीन पर 80 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

### सौ लोहे के एंगल तथा कंटीली तारें चोरी,केस

जींद। गांव देवरड़ में वाल बाउंडरी के लोहे के एंगल तथा कंटीली तारें चोरी करने पर नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव देवरड़ निवासी राधे श्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में वाल बाउंडरी बनवाने के लिए लोहे के एंगल तथा कंटीली तारें डाली हुई थी।

### कैथलः स्पेशल अभियान चलाकर 27 आरोपी काबू

कैथल। जिला पुलिस द्वारा रविवार को एसपी उपासना के आदेशानुसार अपराधियों के खिलाफ एक स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिला पुलिस ने एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अथक प्रयास करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 27 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है।

### पराली अवशेष जलाने पर दो पर मामला दर्ज

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों पर पराली अवशेष जलाने पर संबंधित थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। कृषि विभाग के अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर रोक लगाई हुई है। गांव हं डैहर निवासी शमशेर तथा गांव बड़ौदी निवासी रामपाल के खेत मे पराली के अवशेष जलाए हुए पाए गए।

### कातिलाना हमला करने का भगोड़ा अपराधी काबू

कैथल। थाना ढांड पुलिस द्वारा वर्ष 2017 दौरान कातिलाना हमला करने के मामले में भगोड़े आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव दीवाना जिला कुरुक्षेत्र निवासी जसविन्द्र उर्फ बिन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव रामनगर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव राम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा।

### स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों को 51 हजार देगी सरकार

कैथल। डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा सरकार ने राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के कर्मियों की पुत्रियों, आश्रित बहनों और पौत्रियों के विवाह पर 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने का फैसला लिया है। सरकार ने इस योजना के सुगम और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

---

*लंबी तान का सोए विभाग के अधिकारी:* कैथल पहुंच रहा यूपी-बिहार का धान,निसिंग से वापस किए सैकड़ों वाहन

# राइस मिलर-आढ़ती सरकार को लगा रहे करोड़ों का चूना

**उत्पादन कम होने के बावजूद मंडियों में कहां से आया अधिक धान, केवल फाइलों तक सिमटा भौतिक सत्यापन**

**करीब एक लाख मीट्रिक टन धान की अधिक आवक**

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

कैथल में राइसमिलर और आढ़ती मिलकर सरकार को करोंडों का चूना लगा रहे हैं लेकिन संबंधित अधिकारी लंबी तान कर सोए हुए हैं। राइसमिलर और आढ़ती उत्तरप्रदेश और बिहार से कम दामों पर धान खरीदते हुए इसे कैथल की अनाज मंडियों में महंगे दामों पर सरकारी एजेंसियों को बेच रहे हैं। राइसमिलर और आढ़ती ऐसा कर न केवल करोडों की मोटी कमाई कर रहे हैं बल्कि टैक्स के रूप में सरकार को चूना लगाने का काम भी कर रहे हैं।

मजे की बात यह भी बताई जा रही है कि यह खेल अधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा है। इसे लेकर कई बार भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी प्रदर्शन कर आवाज उठा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हालांकि शुरूआती दौर में भाकियू नेताओं ने इसे जोर शोर से उठाया लेकिन अब इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। यह दाल में काला की ओर इशारा कर रहा है। उत्पादन कम होने के बावजूद मंडियों में कहां से आया अधिक धानः बता दें कि इस बार 10 से 20 प्रतिशत तक कम उत्पादन बताया जा रहा है लेकिन जिला की अनाज मंडियों में इस बार पिछले धान सीजन से करीब एक लाख मीट्रिक टन धान की अधिक आवक हो चुकी है। ऐसे में प्रति किवंटल की दर से 300 से 400 रुपये की कमाई राइस मिलर और आढ़ती खरीद अधिकारियों से मिलकर कर रहे हैं। बता दें कि सरकार की ओर से सभी राइस मिलरों के स्टाक की भौतिक सत्यापन के आदेश दिए गए हैं लेकिन कैथल में अब तक भौतिक सत्यापन के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। हालांकि करनाल व कुरूक्षेत्र में जांच हो चुकी है लेकिन जिला कैथल के अधिकारी अभी इस ओर से सुस्ताते नजर आ रहे हैं। निसिंग में पुलिस ने नाका लगाकर दर्जनों ट्रकों को वापस भेजा हैः बता दें कि जैसे ही यह मुद्दा उठा तो निसिंग में पुलिस द्वारा नाका लगाया गया। करीब तीन चार दिनों में यहां से उत्तरप्रदेश व बिहार से आए धान के सैकडों ट्रकों को वापिस भेजा जा चुका है लेकिन इनमें से कुछ ट्रक रात के अंधेरे में दूसरे रूटों से कैथल,ढांड व चीका की अनाज मंडियों में पहुंच रहे हैं।



कैथल की अनाज मंडी में आई धान। फोटो :हरिभूमि



कैथल। कैथल के एक राइस मिल में पहुंचा धान का ट्रक। फोटो :हरिभूमि

**राइस मिलरों का भौतिक सत्यापन होगा**

कैथल के एसडीएम अजय सिंह ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार सभी राइस मिलरों का भौतिक सत्यापन करवाया जाएगा। दूसरे जिले में यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही कैथल में भी शुरू होगा।

**एक लाख एमटी धान फर्जी**

8 नवम्बर तक करीब 8,93,480 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की है, जबकि बिक्री 7,95,480 मीट्रिक टन बताई जा रही है। यानि करीब एक लाख मीट्रिक टन धान का फर्जी खेल चल रहा है और भी हजारों क्विंटल धान सडक़ों पर ट्रकों में भरकर चल रहा है।

**सरकार को दिखा रहे ठेंगा**

यह भी सामने आया है कि आढ़ती इस खेल में पांचों अंगुलियां घी में बताई जा रही हैं। आढती के पास जो किसान धान लेकर आते हैं तथा यदि उन्होंने इस बार बारीक धान लगाई है तो आढती किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण मोटी धान का करवा देते हैं तथा इस प्रकार से उत्तरप्रदेश व बिहार से आई धान को किसान का बताते हुए उसे समर्थन मूल्य पर बेचते हैं। यही नहीं आढती सरकार द्वारा किसानों के खाते में डाले गए पैसे भी ले देकर निकलवा लेते हैं।

**प्रति किवंटल कर रहे 300 से 400 की कमाई**

हरियाणा प्रदेश की अनाज मंडियों में इस बार मोटी धान 2389 रुपये प्रति किवंटल समर्थन मूल्य दिया गया है लेकिन यही मोटा धान यूपी व बिहार में कम रेट पर मिलता है तथा वहां के व्यापारी इस धान को कैथल की अनाज मंडियों में करीब 2 हजार रुपये किंवटल की पहुंच दे रहे हैं। ऐसे में अब आढती 300 से 400 रुपये प्रति किंवटल की कमाई कर रहे हैं।

---

## डॉक्टर के मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने जीवन की आस में 6 घंटे मिट्टी में दबा कर रखा बच्चे का शव

**गांव फरल के एक 10 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



गांव फरल के एक 10 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार निर्भय राणा पुत्र अजय राणा शनिवार की सुबह घर में बने शेड के नीचे खड़ी ट्रॉली पर खेल रहा था। शेड में करंट आने बच्चा करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से अचेत निर्भय को इलाज के लिए पूंडरी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। लेकिन ग्रामीणों व कुछ जानकारों ने निर्भय के शरीर को लगभग 6 घंटे मिट्टी में इस आस में दबा कर रखा कि कोई चमत्कार हो जाए और बच्चा जीवित हो जाए। जहां बच्चे के शरीर को मिट्टी में दबाया हुआ था वहां पर ग्रामीणों की सैकड़ों भीड़ एकत्र हो गई। लोगों व परिजनों की प्रार्थना भी काम नहीं आई। बता दें कि निर्भय अपनी माता पिता की इकलौती संतान थी। कई घंटे बाद जीवित न होने के चलते निर्भय के मृत शरीर से मिट्टी हटाकर गांव फरल में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का विलाप देखा नहीं जा रहा है।पूरे गांव में शोक लहर दौड़ गई।

## कार से भिड़ंत में बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**गांव भौंगरा में उचाना-हांसी मार्ग पर हुआ हादसा, केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव भौंगरा में उचाना-हांसी मार्ग पर रविवार को कार तथा बाइक के बीच हुई भिडंत में एक व्यक्ति मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का नरवाना नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव भौंगरा निवासी सुरेंद्र (36) तथा रोशन (38) रविवार को सुबह घर से बाइक पर सवार हो कर उचाना की तरफ आ रहे थे। गांव के निकट ही सामने से आर रही तेज रफ्तार कार से बाइक की भिड़त हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का अंजाम देकर चालक गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि रोशन की हालात गंभीर देख पीजीआई रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ट्रैक्टर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत**

कैथल। गांव सिरसल में सड़क दुर्घटना से 54 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह अपने चाचा के साथ अपने खेत में पैदल जा रहा था। जैसे ही खेत के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर के पीछे जुड़ा रोटावेटर उससे टकरा गया। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। परिजन उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में लेकर गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक व्यक्ति के चाचा पवन कुमार की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पूंडरी थाना में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि 8 नवंबर को वह और उसका 54 वर्षीय भतीजा दिनेश अपने घर से खेतों में जा रहे थे। वे पैदल-पैदल जैसे ही खेत के नजदीक पहुंचे तो पीछे से एक ट्रैक्टर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। वे उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया।

### फायरिंग करने के मामले में वांछित दो गिरफ्तार

कैथल। ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा पुन्डरी कस्बे में देर रात एक व्यक्ति के घर पर फायरिंग करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत अनुसार 1 नवम्बर की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और उसके घर पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में घर की मौंटी और शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। सौभाग्य से परिवार को कोई चोट नहीं आई। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एस.आई. रमेश की अगुवाई में ए.एस.आई. तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पाई निवासी जसबीर सिंह तथा पूंडरी निवासी विनोद उर्फ नोदी को काबू कर लिया गया।

## सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत, दो घायल

**जवान मौत हो जाने से क्षेत्र में मातम पसरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जिला जींद के गांव लोधर से विवाह समारोह में शामिल होकर अपने मित्रों के साथ घर लौट रहे 20 वर्षीय युवक अजरानंद की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जवान मौत को लेकर क्षेत्र में मातम पसरा है। घटना में हरिपुरा गांव के अजय व कैलरम गांव के अनुज को हादसे में चोटें आई हैं। मृतक अजरानंद कलायत के वार्ड 12 का निवासी था और उनके पिता हरवीर शास्त्री रिटायर्ड प्रधानाचार्य हैं। परिजनों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब अजरानंद सहित तीन दोस्त मोटर साइकिल से कलायत की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान शनिवार रात्रि मटौर गांव के पास पराली से लोडिड ट्रैक्टर-ट्राली ने युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया। थोड़ा संभलने के बाद एक घायल युवक ने घटना की सूचना परिवार के लोगों को दी। तुरंत पुलिस व एंबुलेंस वाहन मौके पर पहुंचे और उन्हें कैथल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में अजरानंद को चिकित्सक टीम ने मृतक घोषित कर दिया।

## तालाब ओवरफ्लो होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के वार्ड नंबर 4 में स्थित पैक्स में जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होकर भरने से पैक्स में आने वाले उपभोक्ताओं व कर्मचारियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि साथ लगते जोहड़ का पानी अवर फ्लो होकर हर समय पैक्स के प्रांगण में भरा रहता है।बता दें कि यहां पैक्स में किसान खाद बीज आदि लेने के लिए आते हैं। लेकिन चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इतना ही नहीं यहां की गली भी पूरी तरह खराब हो चुकी है और यहां पर दो समाज के लोगों की चौपाल भी हैं।



राजौंद। पैक्स प्रांगण में भरा पानी। फोटो :हरिभूमि

**पानी की निकासी न होने से सैकड़ो श्रद्धालु परेशान**

जहां कोई न कोई कार्यक्रम हर रोज होते हैं। जिससे इस पानी के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बारे वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम ने बताया कि यहां पानी निकासी नहीं है बाबा ऋषि नाथ का मंदिर भी यही है जहां प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु मात्था टेकने के लिए आते हैं लेकिन गली में पानी निकासी न होने के कारण उखाड़ी गई गली को लेकर उन्हें बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है इसके अलावा। साथ लगते जोहड़ का पानी जब ओवर फ्लो होता है तो वह पैक्स के साथ-साथ गली में भी भर जाता है। जिससे गली में से खाली निकलना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस बारे विभाग को भी अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

### दो पिस्तौल-एक जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

जींद। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवको को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। संबंधित थाना पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए सफीदों को सूचना मिली थी कि सफीदों हुडा सेक्टर में एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया। तलाशी पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान सफीदों निवासी अरूण के रूप में हुई। उधर, एंटी व्हीकल स्टाफ ने गांव कंडेला के निकट नरेश को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। संबंधित थाना पुलिस ने अवैध असलहा के साथ पकड़े युवकों के खिलाफ शस्त्रअधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी।

---

**पुराने भवन में 14.90 करोड़ से जीर्णोद्धार का चल रहा कार्य**

# नागरिक अस्पताल जीर्णोद्धार कार्य की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य की रफ्तार धीमी हो गई है। जिसके चलते काम पूरा नही हो पाया है। इस समय अस्पताल की बाउंड्री वाल बनाने का काम किया जा रहा है। हालांकि पूरे अस्पताल का कार्य 15 नवंबर तक पूरा हो जाना था लेकिन अभी तक यह अधूरा ही है। अभी तक अस्पताल की बाउंड्री वाल का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। काफी दिन से बाउंड्री वाल उखाड़ दी थी, जो अब दोबारा बनाई जा रही है। इसके अलावा अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर लाइटिंग भी नहीं लग पाई हैं। अस्पताल प्रशासन ने भी कई बार पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुला कर कार्य जल्द पूरा करवाने को कहा है। पिछले दिनों आई एनक्वास की टीम ने भी कार्य जल्द पूरा करवाने को कहा था। नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में 14 करोड़ 90 लाख रुपये से जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। अस्पताल में एमरजेंसी का कार्य पूरा हुआ है। इसके अलावा शौचालयों का कार्य भी अभी अधूरा है। फायर सेफ्टी सिस्टम का कार्य भी अधूरा ही है। फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए अस्पताल के दो पानी के टैंक बनाए जाने हैं। फिलहाल अस्पताल की बिल्डिंग पर बाहरी तरफ चमकदार सीट लगाई गई हैं। दूर से देखने पर यह अस्पताल किसी फाइव स्टार होटल की तरह लगता है।



जींद। अस्पताल की बाउंड्री वाल बनाने का चला हुआ कार्य। फोटो :हरिभूमि

**15 तक कार्य पूरा होना मुश्किल**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। मरीजों को कोई परेशानी नहीं आ रहा है। बिल्डिंग के अंदर कुछ कार्य बाकी हैए जल्द ही पूरा करवाया जाएगा। अस्पताल में जीर्णोद्धार का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। काफी काम अभी भी बाकी है। 15 नवंबर तक कार्य पूरा होना मुश्किल है।



राजौंद। गांव बीर बांगड़ा में नहर के पुल पर टूटे-फूटे घाटों का दृश्य।

### घाट का निर्माण न होने से पशुपालक दुःखी

राजौंद। गांव बीर बांगड़ा के पास नहर के पुल पर पशुओं को पानी पिलाने के लिए घाट का निर्माण न होने से ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया है। ग्रामीणों ने कहा कि नहर को पक्का किया लगभग एक वर्ष से भी ज्यादा समय हो चुका है। लेकिन आज तक भी गांव बीर बांगड़ा के नहर के पुल पर बने घाट को नहीं बनाया जा रहा। जिससे पशुओं को पानी पिलाते समय कई पशु घायल हो चुके हैं। बार-बार संबंधित विभाग को कहने के बावजूद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इस बारे ग्रामीण रिंकू कुलदीप शमशेर नरेश राजेश रामकुमार ने कहा कि गांव में स्वच्छ पानी न होने के कारण पशुओं को पानी पिलाने के लिए नहर पर लेकर जाना पड़ता है। लेकिन पुल पर घाट अभी तक भी नहीं बनाए गए जो पूरी तरह टूटे हुए हैं। जिससे पशु वहां गिरकर कई बार चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि नहर गांव के नजदीक पड़ती है इसलिए पशुपालक अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए नहर पर ही जाते हैं।



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style



# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉड्‌र्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।'अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला




# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा



का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में*** : साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर*** : विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### बास्केटबॉल पुरुष वर्ग टीम की ट्रायल कल

**जींद।** हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल (सीनियर वर्ग पुरूष) चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 11 नवंबर को सुबह 11 बजे छोटू राम किसान कॉलेज जींद में ली जाएगी।एसोसिएशन के प्रधान डा. राजपाल ढांडा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 15 नवंबर से 17 नवंबर तक 57वीं हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप जो भीम स्टेडियम भिवानी में आयोजित की जा रही है में भाग लेंगे।

### दुकान का ताला तोड़कर मोटर-अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव कर्मगढ़ में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर चार सबमर्सिबल मोटर, स्क्रैप समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरगढ़ निवासी रामरूप ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर चार मोटर, तांबा की स्क्रैप व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### बाड़े से तीन भैंस और कटड़ी चोरी

**जींद।** गांव पडाना में बीती रात चोरों ने पशुबाडों से चार भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी के मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पडाना निवासी करतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके तथा पडोसी धर्मपाल के पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया।

### मंडियों में धान खरीद की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा और मंडियों में पारदर्शी खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी न हो। डीसी ने बताया कि अब तक जिले में कुल 1,97,396 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिए जाएंगे पुरस्कार

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग हरियाणा द्वारा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विभिन्न श्रेणियों में राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए पात्र व्यक्ति 20 नवंबर तक विभाग के पोर्टल अवार्ड डॉट सोशल जस्टिस एचआरवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं।

### पात्र महिलाएं मोबाइल एप से करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने आवेदन के लिए एक एप भी लॉन्च की हुई है। इसमें एक लाख से कम आय वाले परिवार की महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पात्र महिलाएं जरूरी कागजात को पूरे कर जल्दी आवेदन करें।

### सद्भाव यात्रा का दूसरा चरण 11 से होगा शुरू

**उचाना।** सद्भाव यात्रा में निरंतर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ पहले चरण में कदम से कदम मिला कर चलने वाले कांग्रेस नेता राकेश श्योकंद ने कहा कि यात्रा का दूसरा चरण 11 नवंबर को नांगल चौधरी से शुरू होगा। पहले चरण में पांच अक्टूबर से छह नवंबर तक यात्रा 14 हलको में 500 किलोमीटर पैदल चली।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने जम्मू की एक महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपित गांव रसीदां निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा आरोपित अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपितों ने मां व बेटे को अपने घर में दो दिन तक बंधक बनाकर भी रखा। पुलिस लगातार दूसरे आरोपित की तलाश कर रही है।

### वैज्ञानिक व आधुनिक तरीके से अवशेषों का प्रबंध करें

# फसल अवशेषों में आग लगाने से पूरी तरह परहेज करें किसान

### मुनादी के माध्यम से धरतीपुत्रों को जागरूक करें

**संयुक्त टीम बना कर क्षेत्र का नियमित निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम होशियार सिंह ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेषों में आग लगाने से पूरी तरह परहेज करें। पराली या अन्य अवशेषों को जलाने से प्रदूषण में तेजी से बढ़ोत्तरी होती है। जिससे न केवल पर्यावरण को क्षति पहुंचती है बल्कि पशुओं के लिए चारे की भी भारी कमी उत्पन्न हो जाती है। यह समस्या केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और देश के पर्यावरण को प्रभावित करती है। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाऐं लागू की गई हैं। किसानों को चाहिए कि वे इन स्कीमों का लाभ उठा कर वैज्ञानिक व आधुनिक तरीके से अवशेषों का प्रबंध करें। सरकार द्वारा सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, रोटावेटर, जीरो टिल सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर, श्रेडर और बेलर जैसी मशीनों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसानों को आर्थिक बोझ न उठाना पड़े और फसल अवशेषों का उपयोग खाद या चारे के रूप में किया जा सके।



जींद। किसानों को जागरूक करते टीमें। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

एसडीएम ने कहा कि यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जाए। फसल अवशेषों को जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों का उत्सर्जन होता है जो मानव स्वास्थ्य, पशुओं, फसलों और मिट्टी के लिए हानिकारक होता है। इसके अलावा आग लगने की घटनाओं से खेतों की मेड़ें, पेड़, पौधे और आसपास के संकटग्रस्त क्षेत्र भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार प्रदूषण रोकने को लेकर गंभीर है और यदि कहीं भी पराली जलाने का मामला सामने आता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मगर प्रशासन का पहला उद्देश्य जागरूकता लाना और इसके लिए किसानों को सहयोग देना है।

एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि ग्राम सचिव और पटवारी प्रतिदिन गांवों के खेतों का दौरा कर रहे हैं और वहां मुनादी के माध्यम से किसानों को जागरूक करें। इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरपंचों के माध्यम से इस विषय पर विशेष जागरूक किया जा रहा है ताकि किसान समझ सकें कि खेतों में आग लगाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है, लाभदायक जीवाणु मर जाते हैं और अगली फसल की उत्पादकता पर भी असर पड़ता है। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि बीडीओ, तहसीलदार और कृषि विभाग से एक-एक अधिकारी की संयुक्त टीम बना कर क्षेत्र का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है आज भी संयुक्त टीम द्वारा उपमंडल के किनाना गतौली लिजवाना मेहरड़ा जयजयवंती समेत अधिकतर गांवों में पहुंच कर पराली के जलने से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को जागरूक किया। एसडीएम ने बताया कि ये टीमें गांवो के खेतों में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की प्रक्रिया और इससे होने वाले दीर्घकालिक लाभों के बारे में जागरूक कर रही हैं ताकि उपमंडल में किसानों द्वारा आग लगाए जाने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि यदि किसी किसान को पराली प्रबंधन में कठिनाई आती है तो संबंधित कृषि अधिकारी तत्परता से उसकी सहायता करें।

# महात्मा गांधी पार्क में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 443वां अभियान था। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि हर आदमी स्वच्छता को आदत बनाएं। जब स्वच्छता आदत बन जाएगी तब हर आदमी स्वच्छता का ध्यान रखेगा और यदि कोई दूसरा आदमी उसके सामने कूड़ा जमीन पर फैकता हुआ नजर आएगा तो उसको वह रोकगा।



जींद। महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान करते सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

, टोकेगा और समझाएगा। हमारे आपस में टोकने से सामाजिक ताने बाने में लोग इस बात को समझ सकेंगे। आपस में टोकने से स्वच्छता की मुहिम बहुत ज्यादा प्रभावशाली होगी। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है, इसलिए सभी ने कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता अवश्य रहेगी। हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। हमारे समाज में बीमारियां कम होगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अच्छा होगा। इस मौके पर बलबीर सिंह श्योकंद, डा. राजेंद्र सिंह, कृष्ण भारद्वाज, सूरजभान सिहाग, सत्यवान बरौली आदि साथी मौजूद रहे।



पूंडरी। खिलाड़ियों के साथ परिषद सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने दिखाया ज्ञान और आत्मविश्वास

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी की टीम ने शाहाबाद में आयोजित भारत को जानो हरियाणा उत्तर स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। परिषद की दोनों टीमों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने ज्ञान व आत्मविश्वास से निर्णायकों और दर्शकों का मन जीता। टीम को प्रतियोगिता के लिए लेकर जाने में परिषद के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन और वंदना मित्तल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी से शिक्षक वेद प्रकाश और पूनम छाबड़ा ने बच्चों को प्रतियोगिता के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में आयुष बक्षी, नमिश छाबड़ा, अवनि कौशिक और सोनल मलिक शामिल रहे।

### फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों का ड्रा आज

**जींद।** फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की और से सीआरएम स्कीम 2025-26 के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। चार सितंबर के ड्रा उपरांत बचे हुए पात्र आवेदकों में से अतिरिक्त लाभर्थियो का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा 10 नवंबर को दोपहर 12 बजे जिला उपायुक्त कार्यालय के कान्फ्रेंस हाल में किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता विजय कुंडू ने बताया कि जिला जींद में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए इस वित्त वर्ष में 3628 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 1194 आवेदकों का चयन चार सितंबर को ड्रा के माध्यम से किया गया था। जिले में अनुसूचित जाति के किसानों ने 15 कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु आवेदन किया है। मुख्यालय के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति के जिन किसानों ने आवेदन किया था।

### तमन्ना ने जीते दो पदक

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की छात्रा तमन्ना ने दो से छह नवंबर तक गुडगांव के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में दो पदक जीते। तमन्ना ने 4गुणा100 रिले महिला टीम में स्वर्ण पदक और 4गुणा400 रिले मिक्स में रजत पदक जीता। कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने तमन्ना को प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि तमन्ना की मेहनत, लगन और समर्पण ने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। तमन्ना ने अपने महाविद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है। शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज नीलम और प्राध्यापिका डा. मीना और समस्त स्टाफ सदस्यों ने तमन्ना को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जींद। पदक विजेता तमन्ना को आर्शीवाद देते महाविद्यालय स्टाफ।



उचाना। जनसमस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही: अत्री

**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। देश आत्मनिर्भरता की दिशा में भी तेजी से अग्रसर है। सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पीएम नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोरोना काल ने देश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नई सोच दी। जिस समय पूरा विश्व महामारी से जूझ रहा था, उस कठिन दौर में भारत ने न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की बल्कि अपने संसाधनों के बल पर पीपीई किटए मास्कए सैनिटाइजर और वेंटिलेटर तक का उत्पादन स्वयं किया। अत्री ने कहा कि जब दुनिया इन वस्तुओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर थी तब भारत ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते घरेलू स्तर पर उत्पादन शुरू किया।

### उचाना हलके के लोगों से दिल का रिश्ता : डा. अजय

**उचाना।** जजपा के राष्ट्रीय महासचिव डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि उचाना हलके के लोगों ने हर दौर में साथ दिया है। चुनाव में हार-जीत होती रहती है। यहां के लोगों से उनका जो रिश्ता है वो राजनीति नहीं बल्कि दिल का रिश्ता है। उचाना हलका उनका परिवार है। यहां के लोग उनके परिवार का हिस्सा है। डा. अजय सिंह चौटाला उचाना खुर्द में रणबीर श्योकंद के बेटे की शादी में रविवार को पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वायदे किए है उन वायदों को पूरा नहीं किया है। आज बेरोजगारी बढ़ रही है तो किसानों को उनकी फसलों के भाव नहीं मिल रहे है। प्रदेश में अपराधिक वारदातों में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन कोई हत्या प्रदेश में न होती हो। आज बेरोजगारी बढने से प्रदेश का युवा विदेशों में जाने को मजबूर है। सरकार हर मोर्चे पर विफल है।



उचाना खुर्द रणबीर श्योकंद के बेटे की शादी में पहुंचे डॉण अजय सिंह चौटाला।



जींद। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### समाज सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति का प्रतीक

**जींद।** स्थानीय आर्य समाज में रविवारिय सत्संग संसार के सर्वश्रेष्ठ कर्म देवयज्ञ से आरंभ किया गया। जिसमें यजमान के आसन पर आर्यमान आर्य उपस्थित रहे। पुरोहित मिथिलेश शास्त्री ने विधिवत यज्ञ संपन्न करवाया। यज्ञ उपरांत विनोद गर्ग ने ईश्वर स्तुति भजन प्रस्तुत किया। आर्य समाज नरवाना के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि गांधी जी को महात्मा की उपाधि देने वाला स्वामी श्रृद्धानंद थे। कांग्रेस के साथ कंधा से कंधा मिला कर कार्य किया। महात्मा गांधी के मुस्लिम तुष्टीकरण नीति पर मतभेद और मनभेद के काण अपना अलग कार्य करना शुरू किया। संघ कार्यकर्ता राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यकित अपने जीवन में ऊपर चढ़ कर नीचे की ओर गिरता है तो कोई भी व्यक्ति उसका नाम नही लेता है। मगर कोई नीचे गिरने वाला व्यक्ति अपने पुरूषार्थ के बल पर ऊपर उठ कर आर्दशवान बन जाता है, तो उसे कल्याण मार्ग का पथिक कहते हैं और यह कठिन कार्य ईश्वर की असीम कृपा के बिना नही हो सकता है। इसलिए लोक कल्याण मानव कल्याण समाज सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति का प्रतीक है।




जींद। कार्यक्रम में भजन सुनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ईश्वरीय ज्ञान ही समस्त सुखों का मूलअभियान

**जींद।** आर्य समाज रामनगर में चल रहे तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह के तीसरे दिन की प्रातः कालीन सभा में वृहत अग्निहोत्र के पश्चात आचार्य नरेंद्र मैत्रेय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते कहा कि ईश्वरीय ज्ञान ही समस्त सुखों का मूल है और वेद ही ईश्वर का ज्ञान है। आचार्य नरेंद्र ने कहा कि ईश्वर के सर्वज्ञ होने के कारण उसका ज्ञान वेद सब विद्याओं का भंडार है। किंतु वेद में प्रत्येक विद्या का मूल बीज रूप में मिलता है। वेद में वह मौलिक सिद्धांत वर्णन किए गए हैं जो तीनों कालों में एक रस स्थिर रहते हैं। उनमें कभी भी परिवर्तन नहीं होता। बताया कि आज दुनिया में अशांति का मूल कारण सत्य ज्ञान का अभाव है। मानव शांति की तलाश में दर-दर भटकता फिर रहा है। आज धार्मिक कार्य खूब हो रहे हैं धर्म के नाम पर लोग ताकि के शिकार हो रहे हैं। सुख, शांति एवं समृद्धि का एकमात्र उपाय है वेद अनुकूल आचरण ऋषि दयानंद द्वारा स्थापित आर्य समाज सदैव सत्य सनातन वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार हेतु प्रयासरत रहता है। आर्य समाज रामनगर के संरक्षक प्रो. ओम कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभागियों को किया सकारात्मक विचारधारा करुणामय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ध्यान, करुणा एवं आत्म-जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र, कैथल द्वारा हनुमान वाटिका, कैथल में एक विशेष ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन राजा रिक्खी ज्वेलरी के सौजन्य से वरिष्ठ ध्यान प्रशिक्षकों मीनाक्षी खुरानिया एवं निखिल खुरानिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निखिल खुरानिया द्वारा पिरामिड ऊर्जा की कार्यप्रणाली एवं उसके प्रभाव पर जानकारी प्रदान करने से हुआ, जिसके पश्चात मीनाक्षी खुरानिया जी ने ध्यान के महत्त्व पर अपने विचार साझा किए। मीनाक्षी खुरानिया और निखिल खुरानिया ने सामूहिक ध्यान का नेतृत्व किया, जिसमें उपस्थित साधकों ने गहन ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति, करुणा और आत्म-जागरूकता का अनुभव किया। दोनों ध्यान प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ध्यान द्वारा मानसिक शांति, सकारात्मक विचारधारा और करुणामय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र के नियमित ध्यानियों ने भी अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।



हनुमान वाटिका में ध्यान सत्र के दौरान श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि




नरवाना। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### बाक्सिंग में स्वाति ने जीता स्वर्ण

**नरवाना।** 27वीं हरियाणा ओलम्पिक गेम्स लड़के एवं लड़कियों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिला जींद के बॉक्सिंग खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। नरवाना के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में पदक जीत कर यह साबित किया कि ग्रामीण स्तर पर भी प्रतिभा किसी से कम नहीं है। कोच वेद प्रकाश बडनपुर ने बताया कि 80 किग्रा भार वर्ग में स्वाति पुत्री रामनिवास गांव अमरगढ़ ने स्वर्ण पदक, 54 किग्रा भार वर्ग में ज्योति पुत्री बिंदर गांव कर्मगढ़ ने रजत पदक, 80 किग्रा भार वर्ग में दिशा पुत्री प्रेम कुमार गांव खरकभूरा ने कांस्य पदक, 60 किग्रा भारवर्ग में वर्षा पुत्री सुरेश कुमार गांव खरकभूरा ने कांस्य पदक, 57 किग्रा भार वर्ग में सुलोचना पुत्री बृजभान गांव गुरथली ने कांस्य पदक, 65 किग्रा भार वर्ग में अरूण नरवाना ने कांस्य पदक, 50 किग्रा भार वर्ग में अनिकेत पुत्र ईश्वर सिंह मलेठिया गांव दबलैन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता से लौटने पर विजेता खिलाडियों का भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जींद जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा, केएम कालेज प्रिंसीपल मीनू सिंह, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — गुरु तेग बहादुर की शहादत पर एनएसएस शिविर का किया आयोजन

# गुरु तेग बहादुर ने धर्म-मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी : करतार सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान ने सभी प्रतिभागियों और कार्यक्रम अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करते हैं। सेमिनार में रिसोर्स पर्सन गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही नौंवी ग्रंथी करतार सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा और मानव अधिकारों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने हर धर्म के मानने वालों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। 24 नवंबर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु जी को शहीद किया गया था, जहां आज गुरुद्वारा शीश गंज साहिब स्थित है। जनजातीय गौरव दिवस के बारे में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. रितु और प्रो. भगवान दास ने बताया कि यह दिवस बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे जनजातीय समाज ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



जींद। स्वयंसेवकों को संबोधित करते करतार सिंह। फोटो :हरिभूमि

**गुरु सेवा में योगदान दिया**

इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच छात्र जीवन में एनएसएस का महत्व विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने समाजसेवा, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के विद्यार्थी स्वयंसेवकों द्वारा जींद स्थित गुरुद्वारे में सेवा कार्य भी किया गया। उन्होंने वहां साफ.-सफाई, लंगर वितरण तथा अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ गुरु सेवा में योगदान दिया। इस पावन अवसर पर स्वयंसेवकों ने सेवा ही सच्ची पूजा है का संदेश चरितार्थ किया।



जुलाना। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### लजवाना कलां के रविंद्र ने जीता सिल्वर

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव के पहलवान रविंद्र ढाका ने एशियन यूथ गेम्स कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीत कर गांव, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता बहरीन के मनामा में 22 से 31 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। रविंद्र ने अपने वर्ग में बेहतरीन दमखम और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि फाइनल मुकाबले में वह मामूली अंकों के अंतर से हार गए और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रविवार को रविंद्र ढाका का जुलाना की पुरानी अना जमंडी में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगए ग्रामीण और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी डा. योगेश नांदल ने शिरकत की और रविंद्र को फूलमालाओं से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रविंद्र ढाका की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। डा. नांदल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रविंद्र जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर हर युवा को खेलों में आगे बढना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा : जांगड़ा

**सीवन।** सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन व मनोनीत पार्षद बलविंद्र जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की स्पष्ट नीति है कि भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में पारदर्शी शासन स्थापित करने का जो संकल्प मुख्यमंत्री ने लिया है, उसे जमीनी स्तर पर पूरी दृढ़ता से लागू किया जा रहा है। जांगड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रशासन को यह स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी विभाग में रिश्वत, पक्षपात या मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सत्य भारती स्कूल में मनाया खेल दिवस

**कैथल।** सत्य भारती स्कूल खेडी गुलाम अली में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रिले रेस, रस्साकशी और म्यूज़िकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करते हैं।

### राधा स्वामी सत्संग भवन में गली निर्माण शुरू

**गुहला-चीका।** राधा स्वामी सत्संग भवन वार्ड नंबर 9 में रविवार को नई गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि रणधीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वार्ड नंबर 15 के पार्षद राजेश कुमार, वार्ड नंबर 9 के पार्षद राजेश ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि रतिराम समाजसेवी सुशील जिंदल सहित सत्संग भवन के सभी सेवादार व संगतजन मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान रणधीर सिंह ने कहा कि यह गली निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कराया जा रहा है, जिससे आने-जाने में लोगों को आसानी होगी।

### अवैध पिस्तौल सहित एक आरोपी को किया काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना तितरम क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह व सिपाही संदीप कुमार की टीम को गस्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की जिला जींद के गांव पेगा निवासी गोल्डी अपने साथ अवैध असलाह लिए हुए है।

### आभूषण व नकदी चोरी मामले में 2 काबू

**कैथल।** भगत सिंह कॉलोनी कैथल निवासी प्रवीण ने शिकायत दी थी कि 30 अक्टूबर की रात उसके मकान से जेवर, 50 हजार नकदी व 2 मोबाइल फोन चोरी हो गए। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एचसी ईश्म सिंह की टीम ने ढांड निवासी सुमित तथा हरि नगर कैथल निवासी देव को काबू कर लिया गया।

# प्राथमिक शिक्षकों को प्रशस्त एप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान करना सिखाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- जिला कैथल में कार्यरत स्पेशल अध्यापक देंगे यह प्रशिक्षण
- सभी 56 क्लस्टरों को 13 स्पेशल अध्यापकों में बांटा, सभी प्राथमिक अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा कक्षा 1 से पांचवी तक पढ़ाने वाले सभी प्राथमिक शिक्षकों तथा मुख्य शिक्षकों को दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 से कक्षा पांचवीं तक पढ़ाने वाले सभी प्राथमिक शिक्षकों व मुख्य शिक्षकों को यह प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से स्पेशल अध्यापकों द्वारा दिया जाएगा। जिला कैथल में कार्यरत सभी स्पेशल अध्यापकों को पहले ही इस बाबत प्रशिक्षित किया जा चुका है प्रशिक्षण का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। कैथल के सभी 56 क्लस्टरों को 13 स्पेशल अध्यापकों में बांट दिया है तथा यह ऑनलाइन प्रशिक्षण 10 नवंबर तथा 11 नवंबर को दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों तथा सभी समावेशी केंद्रों के प्रधानाचार्य को आदेश देते हुए कहा कि उक्त ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए कलस्टर स्तर पर तैनात आईओएल एम, कंप्यूटर अध्यापक तथा एबीआरसी की ड्यूटी लगाई व सभी स्पेशल अध्यापकों के साथ कोऑर्डिनेट करके इस कार्य को संपन्न करवाएंगे तथा उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण के माध्यम से जिला कैथल में कार्यरत सभी प्राथमिक अध्यापकों तथा मुख्य शिक्षकों को कक्षा पहली से पांचवीं में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रशस्त एप के माध्यम से पहचान करना सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी प्राथमिक अध्यापकों को लेना अति अनिवार्य है। सभी स्पेशल अध्यापकों को एक गूगल सेट सांझा की गई है जिसमें 12 नवंबर तक यह जानकारी देनी होगी कि प्रत्येक स्पेशल अध्यापक द्वारा कितने प्राथमिक अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया है इसलिए सभी स्पेशल अध्यापक कार्य के महत्व को समझते हुए इस समय पर पूरा करें।

### आज से दो दिन सभी प्राथमिक अध्यापकों को प्रशस्त एप का ऑनलाइन प्रशिक्षण देंगे

उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की पठन-पाठन को लेकर कुछ कठिनाइयां होती हैं जिस कारण वह अपने सहपाठियों के साथ दैनिक शैक्षणिक कार्यों में पीछे जाते हैं। सीखने में कठिनाई शिक्षा में पिछड़ने की पहली वजह है जिस कारण ऐसे बच्चों के लिए स्कूल का शिक्षण कठिन हो जाता है। ऐसे बच्चों की समय रहते पहचान की जानी अति आवश्यक है पहचान के बाद इनका उपचार विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों द्वारा संपन्न किया जा सकता है।

### 14 व 15 को जांच



जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के बाद 14 तथा 15 नवंबर को इन प्रशिक्षित प्राथमिक अध्यापकों द्वारा पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के पठन-पाठन की क्षमता की जांच की जाएगी।

# न्यू जनता मार्केट चोरी केस में 10 घंटे में आरोपी काबू

सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने संदिग्ध युवक की पहचान कर गिरफ्तार किया, बाजार के दुकानदारों ने राहत की सांस ली

## कई दुकानों में चोरी की वारदात का खुलासा, अब रात्रि गश्त बढ़ाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर थाना पुलिस ने अपनी त्वरित और प्रभावी कार्यवाही से न्यू जनता मार्केट में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए महज 10 घंटों में आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार के दुकानदारों ने राहत की सांस ली और थाना शहर पुलिस की तत्परता की खुलकर सराहना की और कहा कि पुलिस ने अपनी ईमानदारी और मेहनत से यह साबित कर दिया है कि अपराधियों के लिए शहर में कोई जगह नहीं है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार की बीती रात न्यू जनता मार्केट में चोरों ने एक साथ कई दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दाल-चावल की दुकान चलाने वाले अमित कुमार पुत्र केबल तनेजा ने बताया कि उसकी दुकान का शटर तोड़कर चोरी की गई और चोरों ने सीसीटीवी कैमरे का वायर और कवर भी उखाड़ दिया था। फुटेज की जांच में एक युवक की तस्वीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसकी पहचान रजत पुत्र प्रभात, निवासी वाल्मीकि बस्ती कैथल के रूप में हुई।



**कैथल।** थाना शहर पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया दुकानों में चोरी करने वाला आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### दुकान से चुराया था 25 हजार का सामान

वारदात की सूचना मिलते ही थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता के निर्देशन में पीएसआई जॉनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी का पता लगाकर उसे 10 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। मार्केट के अन्य दुकानों में भी चोरी की घटनाएं हुई थीं। प्रवीण कुमार पुत्र कलावत राय की दुकान से लगभग 25 हजार रुपए का सामान, जबकि जितेंद्र तनेजा की दुकान से करीब 3 हजार रुपए का ए.सी. वायर चोरी हुआ था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी से पूछताछ में कई अहम सुराग जुटाए हैं और संभावना है कि आरोपी अन्य वारदातों में भी शामिल रहा हो। इंस्पेक्टर गीता ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और चोरी किया गया सामान बरामद करने के लिए टीमों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शहर में रात्रि गश्त और बाजार क्षेत्रों में पुलिस की गश्ती बढ़ाई जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



**पूंडरी।** पूंडरी में आयोजित मां के जागरण में मुख्य यजमान रवि वर्मा का सम्मान करते हुए मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# मां बाला सुंदरी के जागरण में गूंजे भजनों के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- त्रिलोकपुर से लाई गई मां की ज्योति रही विशेष आकर्षण

पूंडरी की दाना माल सेठ धर्मशाला में मां बाला सुंदरी जागरण मंडल पूंडरी के तत्वाधान में भव्य महामाई जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में विशेष रूप से त्रिलोकपुर मां बाला सुंदरी मंदिर से माँ की ज्योति लाई गई, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी रवि वर्मा ने भाग लिया। वहीं जिला पार्षद एवं युवा इनेलो जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने पुजारी के साथ मिलकर आयोजनों में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।

जागरण में उच्च कोटि के भजन गायकों ने पूरी रात मां बाला सुंदरी के गुणगान प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य यजमान रवि वर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जागरण मंडल की ओर से सेवा, भंडारा और व्यवस्था की प्रशंसनीय रूप से देखभाल की गई।

# राहुल गांधी के पास सिर्फ झूठ का पुलिंदा : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- वोट चोरी के नाम पर राहुल देश को गुमराह कर रहे



टेकराम कंडेला।

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी टेकराम कंडेला ने कहा कि वोट चोरी के नाम पर व संविधान बदलने के नाम पर राहुल गांधी झूठ का एक पुलिंदा लिए घूम रहे हैं। यह देश को गुमराह करके देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं लेकिन इनकी बातों में किसी भी प्रकार की कोई सच्चाई नही है। आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी देशवासियों का समर्थन हासिल है। कंडेला ने बिहार के चुनाव पर बोलते हुए कहा कि इस जंगल राज, गुंडागर्दी, जमीनों पर कब्जे बिहार के लोग 15 साल तक लालू यादव के राज को देख चुके हैं। अब आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बना लगभग तय हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए है। आज देश के लोग इनको पूरी तरह से नकार चुके हैं। पिछले 60 सालों में जो कांग्रेस पार्टी ने कार्य किए हैं, वह पीएम नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की तुलना में कुछ भी नही हैं।

### बहकावे में न आएं

कंडेला ने हरियाणा के विधानसभा चुनाव में जींद, सोनीपत, हिसार, भिवानी को पंचायत किसानों का गढ़ माना जाता है वहां भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी सफलता हासिल की है। इससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस के लोग झूठ बोल कर देश को गुमराह करना चाहते हैं। जनता को इनके बहकावे में आने की जरूरत नही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों के बीच में दिन रात रह कर पूरी तरह किसानों के हितों की देखभाल कर रहे हैं।

# कैथल की छोरियों ने हासिल किया तीसरा स्थान

- सोनीपत में ट्रेडिशनल नेटबॉल और मिक्स नेटबॉल में तीसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट कैथल के अध्यक्ष अशोक सहारण ने बताया कि सोनीपत में आयोजित 27वीं हरियाणा राज्य खेल 2025, जो हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के द्वारा करवाए गए, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा राई, सोनीपत में 4 से 7 नवंबर, 2025 तक चले जिसमें कैथल की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रेडिशनल नेटबॉल में तीसरा और मिक्स नेटबॉल में तीसरा स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया और टीम को इस मुकाम तक पहुंचाया। खिलाड़ियों ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरु श्री हरि ओम कौशिक जी को दिया है, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैथल टीम के कोच अनुप धीमान ने हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कप्तान जसविंदर मीनू बेनीवाल का धन्यवाद किया कि 13 साल बाद हरियाणा राज्य खेल हुए। खिलाड़ियों का हर चीज का ध्यान रखने के लिए और इतना सुंदर आयोजन करने के लिए धन्यवाद किया।




**कैथल।** खेलों में विजेता रही छात्राएं पदाधिकारियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### सांसद कुमारी शैलजा 11 नवंबर को जींद दौरे पर

**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी शैलजा आगामी 11 नवंबर को जींद जिले के दौरे पर रहेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि कुमारी शैलजा जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवान अमरजीत नैन के गांव जाजनवाला पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और शहीद परिवार से मुलाकात करेंगी। इसके बाद नरवाना स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आमजन से भेंट करेंगी। जहां लोगों की समस्याएं व सुझाव सुने जाएंगे।

## प्रीत ने प्रदेशस्तरीय खेलों में बाजी मारी




**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना के विद्यार्थी प्रीत ने प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रधानाचार्या प्रियंका व स्कूल प्रबंधक सरोज ने बताया कि रोहतक में हो रही स्टेट लेवल की प्रतियोगिता में उनके स्कूल के विद्यार्थी प्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्कूल के पीटीआई का विशेष योगदान रहा है, जो बच्चों को खेलों से संबंधित सही जानकारी प्राप्त करके उन्हें नई दिशा दिखा रहे हैं।

## असंध-कैथल मार्ग पर जमा पानी से छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शहर के मुख्य असंध कैथल मार्ग पर स्थित राजकीय कन्या कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के सामने सड़क पर पानी निकासी न होने के कारण सारा पानी सड़क पर भर जाता है। जिससे सड़क पर गुजरने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी को परेशानी उठानी पड़ती है। यहां दो स्कूल व एक कालेज है जिसमें हजारों लड़के व लड़कियां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन सुबह-सुबह पानी की सप्लाई जब शुरू होती है तो सड़क पर काफी पानी जमा हो जाता है। जिससे सड़क पर खाली गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

लोगों ने बताया कि सड़क के साथ नाली का निर्माण भी नहीं किया जा रहा। जिससे सड़क पर पानी भर जाता है और सड़क से खाली गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को सुबह स्कूल जाते समय झेलनी पड़ रही है।



**राजौंद।** सड़क पर भरा पानी।

**आयोजन** साहित्य सभा के कवि सम्मेलन में 15 पुस्तकों का लोकार्पण, 25 साहित्यकार एवं पत्रकार सम्मानित

# कृत्रिम बुद्धिमता आज के लेखकों के लिए चुनौती साहित्य की भाषा का पतन हो रहा : डॉ. त्रिखा

हमारा कुछ नहीं लगता, तुम्हारा कुछ नहीं लगता, जरा सा मुस्कराने में किसी का कुछ नहीं लगता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साहित्य सभा कैथल द्वारा आरकेएसडी कालेज में कवि-सम्मेलन, पुस्तक-लोकार्पण एवं सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. सुमेधा कटारिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के उर्दू भाषा प्रकोष्ठ के निदेशक डा. चंद्र त्रिखा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय साहित्य अकादमी से सम्मानित साहित्यकार डा. पाल कौर, उद्योगपति एवं साहित्यकार डा. जय भगवान सिंगला और सेवा संघ कैथल के प्रधान डा. शिव शंकर सिंह पाहवा पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन सभा के महासचिव डा. प्रद्युम्न भल्ला और डा. अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आरकेएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल गगन मित्तल एवं महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. संजय गोयल ने मुख्य रूप से शिरकत की। डा. चन्द्र त्रिखा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता आज के लेखकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। आज साहित्य की भाषा का पतन होता जा रहा है। साहित्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को अपने साथ जोड़ना होगा। इस आयोजन में पंद्रह नव प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। सम्मान-समारोह में डा. केके ऋषि गुरुग्राम को लाला निरंजन दास व सुमित्रा देवी आजीवन साहित्य साधना सम्मान दिया गया। इसी प्रकार डा. चंद्र त्रिखा चंडीगढ़ के सौजन्य से डा. पाल कौर अंबाला को श्रीमती शांता देवी कटारिया स्मृति सम्मान, ललित शर्मा 'दिलकश' कैथल को श्री धीरज त्रिखा स्मृति पत्रकारिता सम्मान, सतीश सिंह मुंबई को डा. विपुल त्रिखा स्मृति साहित्य साधना सम्मान, डा. शिव शंकर सिंह पाहवा कैथल को श्री अश्विनी चोपड़ा स्मृति सम्मान, सुशील सैनी रोहतक को श्री रोहित सरदाना स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, सुरेश हंस बठिंडा को पूज्य मात-पिता स्मृति साहित्य सम्मान, दिनेश शर्मा दिल्ली को श्री देशराज शर्मा अब्र सीमाबी सम्मान, अनिल पृथ्वीपुत्र सिवानी, राजपाल गुलिया झज्जर, सावित्री धारीवाल कैथल, डा. विनय मल्होत्रा अंबाला, जयपाल अंबाला, रोशन देहलवी दिल्ली, मुकेश दुहन मुकू को भी सम्मान से नवाजा गया।



**कैथल।** पत्रकार ललित शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

प्रो. अमृत लाल मदान की पुस्तक मैं समय का अमर पंछी-दो, डा. प्रद्युम्न भल्ला के लघुकविता-संग्रह अनहद बाजे मेरे भीतर, डा. चतरभुज बंसल सौथा के हरियाणवी कविता-संग्रह ज्ञान माला, श्याम सुंदर शर्मा गौड़ के काव्य-संग्रह आप्रेशन सिंदूर, डा. हरीश चंद्र झंडई के कविता-संग्रह जीवन पथ, रिसाल जांगड़ा के कविता-संग्रह कुदरत के रंग, प्रीतम शर्मा के कविता-संग्रह जीवन शैली, अनिल कौशिक की पुस्तक क्या खोया क्या पाया का विमोचन किया। अश्विनी मल्होत्रा के काव्य-संग्रह सपनों का होना, सतपाल पराशर आनन्द के मन के मणके, राजेश भारती के कविता-संग्रह रेत पर रेखाएं, सुरेश कुमार कल्याण के दोहा-संग्रह मैं भी उतरा पार, पूनम मैहता पूर्णिमा के काव्य-संग्रह गूंज अंतर्मन की पुस्तक का विमोचन हुआ।

### कवियों ने बांधा समा

डा. केके ऋषि ने कहा कि हमारा कुछ नहीं लगता, तुम्हारा कुछ नहीं लगता, जरा सा मुस्कराने में किसी का कुछ नहीं लगता। कवि सम्मेलन में ईश्वर चंद गर्ग, जयभगवान सिंगला, पुष्प लता आर्य, सुरेश हंस, सत्यवीर सिंह निराला, रविन्द्र रवि, दिनेश बंसल, अमृत लाल मदान, कमलेश शर्मा, सावित्री धारीवाल, बीएम बैचेन आदि ने भी अपनी रचनाओं से समा बांधा।

# उचाना में बिना भेदभाव के विधायक करवा रहे काम : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि विकसित उचाना का जो वायदा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किया है उसको वो पूरा करने में लगे हुए है। उचाना हलके में 50 सालों से विधायक रहने वालों ने बातें की, वायदे किए लेकिन काम नहीं किए। इस बार उचाना हलके के लोगों को ऐसा विधायक मिला है जो वायदे करता है उन वायदों से बढ़कर काम करता है। आज उचाना में विकास की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। गांव को गांव से जोडऩे वाली ऐसी सड़कों का दोबारा से निर्माण हुआ है जिसकी मांग काफी समय से की जा रही थी। जो रास्ते है कच्चे है उनको पक्का करने के लिए काम किया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की सोच के तहत विधायक काम करने में लगे है। बिना किसी भेदभाव के हर गांव में विकास कार्य तेजी से चल रहे है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। उचाना विधायक की सादगीख मिलनसार रवैये के चर्चे आज पूरे प्रदेश में है।



**उचाना।** बड़ौदा गांव पहुंचे मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।